



# आई.आई.एच.एम.आर. दिल्ली के दीक्षांत समारोह में 105 स्नातक बने स्वास्थ्य क्षेत्र के नए नेतृत्वकर्त्ता

नई दिल्ली, 23 अगस्त (अ.स.): इंटरनैशनल इंस्टीच्यूट ऑफ हैल्थ मैनेजमैंट रिसर्च दिल्ली ने अपना 16वां दीक्षांत समारोह रैडिसन ब्लू होटल, द्वारका में आयोजित किया। इस प्रतिष्ठित अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संस्था ने 105 एम.बी.ए. समकक्ष पी.जी.डी.एम. स्नातकों को उपाधियां प्रदान कीं। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले गणमान्य अतिथियों में डा. अशोक अग्रवाल (मैनेजमैंट ट्रस्टी एवं संस्थापक, डा. सुतापा बी. नियोगी, डा.एस.डी. गुप्ता और डा. सुमेश कुमार शामिल रहे। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डा. अशोक अग्रवाल ने कहा कि आई.आई.एच.एम.आर. की नींव इस विश्वास पर स्थापित है कि नेतृत्व केवल कौशल से नहीं, बल्कि मूल्यों से सार्थक होता है। आज हमारे छात्र उस जिम्मेदारी को निभाने आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे समय में जब स्वास्थ्य जगत नवोन्मेष और निष्ठा दोनों की पुकार कर रहा है। डा.एस.डी. गुप्ता ने कहा कि आई.आई.एच.एम.आर. दिल्ली तकनीकी उत्कृष्टता और नैतिक मूल्यों का संगम है। इसकी प्रतिष्ठा को एक अग्रणी संस्थान के रूप में पुनः स्थापित करता है।